# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 17.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने कहा है कि सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से मूल्यांकन में बढ़ी है पारदर्शिता।
2. गोड्डा के सांसद निशिकांत दूबे ने आज देवघर जिले के रोहिणी नावाडीह में रेलवे ओवरब्रिज का किया उद्घाटन।
3. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची के होटवार केंद्रीय जेल में बंद एक महिला कैदी के साथ हुए यौन शोषण का उठाया मुद्दा, की कार्रवाई की मांग।
4. मौसम में बदलाव जारी, राज्य का सबसे ठंडा जिला रहा लातेहार, वहीं पलामू राज्य का सबसे गर्म जिला रहा।

और

5. धनबाद में आयोजित 5वीं झारखंड स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में रांची जिले के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, कई स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

***************

केंद्र सरकार ने कहा है कि सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता बढ़ी है। 12वीं के परिणामों पर आज नई दिल्ली में स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने मार्किंग और उत्तीर्णता प्रतिशत में मामूली गिरावट पर चिंता जताई है। सचिव ने बताया कि सीबीएसई ने इस वर्ष ऐसी प्रणाली लागू की है जिससे मूल्यांकन में अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। सचिव ने कहा कि सीबीएसई ने पुनर्मूल्यांकन शुल्क कम कर दिया है।

***************

गोड्डा के सांसद निशिकांत दूबे ने आज देवघर जिले के रोहिणी नावाडीह में रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन किया । इसका निर्माण प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के मिशन अन्तर्गत किया गया है। मौके पर सांसद ने कहा कि इस रेलवे ओवरब्रिज के चालू होने से देवघर से एम्स और रांची की दूरी कम होगी। वहीं लोगों ने इस कार्य के लिए रेल मंत्री वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

***************

गढ़वा में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य आज से शुरू हो गया। गढ़वा के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बताया कि कर्मचारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर–घर जाकर सर्वेक्षण कार्य कर रहे हैं तथा परिवारों से आवश्यक जानकारियां एकत्रित कर रहे हैं. जिला प्रशासन की ओर से इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारियां की गई हैं।

***************

राज्य में संचालित केंद्र सरकार की नल जल योजना पर भाजपा और कांग्रेस आमने सामने आ गई हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर नल जल योजना को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस योजना के लिए सरकार के पास खजाने में सात हजार करोड़ पड़े हुए हैं, लेकिन खर्च नहीं किये जा रहे हैं।

इस मामले में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि केंद्र सरकार राज्य को भीख नहीं दे रही है। यह हमारा अधिकार है।

***************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के साथ पिछले दिनों चाईबासा परिसदन में जिला प्रशासन की ओर से किए गए कथित उपेक्षापूर्ण व्यवहार पर भाजपा ने कड़ा एतराज जताया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने आज सोशल मीडिया पर कहा है कि किसी का पद स्थाई नहीं होता, लेकिन लोकतांत्रिक परंपरा हर हाल में कायम रहनी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि अर्जुन मुंडा के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, वह केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक परंपराओं, प्रशासनिक मर्यादाओं और जनजातीय समाज के सम्मान का भी विषय है।

***************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची के होटवार केंद्रीय जेल में बंद एक महिला कैदी के साथ हुए यौन शोषण का मुद्दा उठाया है और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने जेल अधीक्षक के द्वारा यौन शोषण और गर्भवती किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जेल आईजी मामले को दबाने, फाइलें गायब करने और सबूत मिटाने के लिए महिला कैदी को गुप्त स्थानों व अस्पतालों में ले जा रहे हैं, जबकि गवाह कर्मियों का तबादला कर उन्हें चुप कराया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग और उच्चतम न्यायालय से संज्ञान लेकर झारखंड की जेलों में महिला कैदियों के उत्पीड़न पर कार्रवाई की मांग की है।

***************

सिमडेगा के महाबुआंग थाना में पदस्थापित एक जवान की अपने ही हथियार से गोली लगने से मौत हो गई। वह रांची जिले के तिगरा गांव के रहने वाले थे। घटना उस वक्त हुई जब जवान अपने हथियार की सफाई कर रहे थे। जिले के पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटनावश गोली चलने का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मामले की जांच एसडीपीओ और डीएसपी स्तर के अधिकारी कर रहे हैं।

***************

रांची और आसपास के इलाकों में अपराध पर अुकुश लगाने के लिए रांची पुलिस ने कल रात बड़ा अभियान चलाया। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर जिलेभर में ऑपरेशन प्रहार के तहत एक साथ छापेमारी की गयी। इस कार्रवाई में सौ से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 220 से ज्यादा लंबित वारंटों का निष्पादन भी किया गया।

***************

झारखंड में मौसम लगातार करवट बदल रहा है। पिछले 15 दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही बारिश के कारण लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। आज राज्य का सबसे ठंडा जिला लातेहार रहा, जहां अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पलामू राज्य का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची समेत कई जिलों में बीते दिनों हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना हुआ है।

***************

लोहरदगा जिला के 43वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज जिला प्रशासन की ओर से "रन फॉर लोहरदगा" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, विद्यार्थी और आम नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सजग रहकर खेलकूद को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

***************

जमशेदपुर में आयोजित झारखंड राज्य कबड्डी संघ की विशेष बैठक में वर्ष 2026–2030 के लिए नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की गई। इसमें वर्ष 2026–27 के खेल कैलेंडर को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई और सीनियर राज्य कबड्डी प्रतियोगिता चार जून से धनबाद में आयोजित करने का फैसला लिया गया। उधर, धनबाद में आयोजित 5वीं झारखंड स्टेट किकबॉक्सिंग चौंपियनशिप में रांची जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

**********समाप्त*********